अमर उजाला

बरेली | रविवार, 22 अगस्त 2021

PAGE NO 12 : TOP RIGHT

कनका-अपराजिता का नृत्य देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

भरतनाट्यम

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में शनिवार को नृत्य संध्या का आयोजन किया गया। इसमें स्वामी विवेकानंद पुरस्कार से सम्मानित दक्षिण भारत की प्रसिद्ध नृत्यांगना कनका सुधाकर और उनकी बेटी अपराजिता सुधाकर ने भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत रिद्धिमा गुरु अंबाली प्रहराज ने की। उन्होंने 'गोवर्धन गिरिधारी तुम बिन मेरी कौन खबर ले' भजन पर भरतनाट्यम की मुद्राओं से नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। अपराजिता की पहली प्रस्तुति गणपति जी को समर्पित रही। इसके बाद उन्होंने सावन की पहली बारिश में मयूर के प्रकट करने वाली खुशी के भाव को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी।

इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए नृत्यांगना कनका सुधाकर ने 'पदम इन राग कपि' पर भरतनाट्यम शैली में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद कनका और अपराजिता ने अल्लारिपु, राग नतायी ताल आदि के नौ रस कृष्ण कर्णमधम के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण के वात्सल्य, शेषनाग वध और रास लीलाओं को भरतनाट्यम नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कर सभागार को कृष्णमयी कर दिया। अंत में मां सरस्वती को समर्पित तिल्लाना नृत्य प्रस्तुत करअपराजिता ने कार्यक्रम को विराम दिया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने नृत्यांगना कनक और अपराजिता को सम्मानित किया। इस दौरान ट्रस्टी आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति सहित शहर के तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार ने किया।

रिद्धिमा सभागार में भरतनाट्यम प्रस्तुत करतीं कनिका सुधाकर व अपराजिता सुधाकर।